**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**डोंगरगढ़, जिला राजनांदगॉव (छ.ग.)**
***E- mail ID*** *– collegedgg@gmail.com ,* ***Website*** *– www.gnpgcollege.com ☎: 07823-233885*
***Accredited by NAAC with Grade "B" (CGPA – 2.21)***

डोंगरगढ़, दिनांक – 19/10/2019

## // प्रेस विज्ञप्ति //

प्रति,

**संवाददाता,**
दैनिक समाचार पत्र – नवभारत, दैनिक भास्कर, पत्रिका, हरिभूमि, नई दुनिया, क्रांतिकारी संकेत, दंबग दुनिया, छत्तीसगढ़ , दैनिक दावा, देशबंधू, सत्यदूत, महाकौशल डोंगरगढ़

# छात्रसंघ पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**फोटो – 1, 2**

**डोंगरगढ़** – शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में दिनांक 18/10/2019 को संस्था प्रमुख डॉ.के.एल. टाण्डेकर के दिशा निर्देशन एवं छात्रसंघ पदाधिकारी डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के नेतृत्व में छात्रसंघ पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राएं निधि राजपूत एवं खुशबू ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंचस्थ प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष व जनभागीदारी समिति प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर एवं छात्रसंघ प्रभारी एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती का छात्रसंघ पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। प्राचार्य द्वारा छात्रसंघ अध्यक्ष कु. आरिफा फिरदौस, उपाध्यक्ष कु. क्षमा अग्रवाल, सचिव कु. अनामिका सिन्हा, सहसचिव कु. तामेश्वरी साहू, एवं कक्षा प्रतिनधियों कु. सुजाता, कु. मनीषा, देववसू यादव, उदय निर्मलकर, प्रतीक्षा भूते, कु. सानिका जैन, ईश्वर साहू, अनुराग सिंग बैस, कु. भूमिका सिन्हा, कु. नेहा साहू, दरफशा फिरदौस, कु. रागिनी, नफिसा बानो, योगेश अग्रवाल, ललित कुमार ,कैलाश कुमार, दीनेश कुमार ढीमर, सूरज कुमार, दीनेश शांडिल्य, हीमांशी सिन्हा, कु. भारती कुभंरे, रमनदीप कौर, कु. कविता साहू, कु. राजकुमारी, कु. स्वर्णा सिंह राजपूत, कु. यमुना, संजय कुमार, डामेश्वर, रमन साहू, कु. पूजा डोंगरे, खामेश चंद्रवंशी, कु. आयुषी शर्मा को छात्रसंघ एवं विशविद्यालय के हितों के अनुरूप कार्य करने एवं अपने पद पर प्रतिष्ठित होते समय छात्रसंघ कें नियामों, उपनियमों तथा सम्प्रेषण के निर्देषों का पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ पालन करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर छात्रसंघ अध्यक्ष आरिफा फिरदौस ने अपने विचारों के माध्यम से प्राचार्य को महाविद्यालय संबंधी समस्याओं को अगवत कराते हुए विभिन्न संकायो में विषयों में वृद्धि की जाने, लायब्रेरी में पुस्तको की सख्या में वृद्धि, अध्यापन कक्षो में वृद्धि, महाविद्यालय परिसर में सीमेंटीकरण, महाविद्यालय में केंटिन की सुविधा, वाटर कुलर की संख्या में वृद्धि, गर्ल्स कामन रूम की सुविधाओं में वृद्धि एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार करने का आग्रह किया। उपाध्यक्ष कु.

क्षमा अग्रवाल ने छात्रसंघ के गठन उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए अपने कार्य एवं उत्तरदायित्वों को ईमानदारीपूर्वक संपादित करने की बात कही।

छात्रसंघ प्रभारी डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती द्वारा सभी छात्रसंघ पदाधिकारियों को शुभकामनांए प्रेषित करते हुए अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर ने छात्रसंघ के पदाधिकारियो को शुभकमानाएं प्रेषित करते हुए छात्रसंघ अध्यक्ष द्वारा रखे गए समस्याओं का अतिशीघ्र निराकरण करने का विश्वास दिलाया। उन्होने कहा कि महाविद्यालय में वर्तमान में 1638 विद्यार्थी अध्ययनरत है। छात्र–छात्राओं को इतनी सुविधाएं दी जाएगी कि अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो ऐसा प्रयास किया जाएगा। उन्होने महाविद्यालय के अध्ययनरत छात्रों को डिजिटल क्लास के माध्यम से टच स्क्रीन पद्यती से अध्ययन सुविधा प्रदान करने की बात कही। उन्होने कहा कि वे महाविद्यालय को मार्डन कालेज एवं महाविद्यालय को समस्त सुविधाओं के साथ सर्वोच्च स्थिति में पहुचाने प्रयासरत है। उन्होने स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर छात्र–छात्राओं एवं महाविद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकानाएं दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. श्रीमती आशा चौधरी, डॉ. आर.आर. कोचे, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, श्री नितेश तिरपुड़े, डॉ. नीता ठाकुर, डॉ. सपना परिहार, डॉ. नौशिन अंजुम, डॉ. तरन्नुम, डॉ. येशुक्रिर्ती हजारे, श्रीमती ममता देवांगन, कु. प्रतिभा सिंह, श्रीमती ज्योति साहू, श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती, स्वाती देवांगन, कु. मेधा यादव , कु. मंगला यादव, कु. अनिमा मिंज, अभिषेक सोनी, एवलाल मेश्राम, लीलाराम देवांगन, श्रीमती आकांक्षा पाठक, श्रीमती उमा महोबिया, कु. दीपिका सोनी, श्री योगेश, पदमा खुटे सहित महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं बडी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. नीता ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति साहू द्वारा किया गया।

Principal,
Govt. Nehru P. G. College
DONGARGARH
Distt. Rajnandgaon (C.G.)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**
***E- mail ID** – collegedgg@gmail.com , **Website** – www.gnpgcollege.com ☎: 07823-233885*
***Accredited by NAAC with Grade "B" (CGPA – 2.21)***

डोंगरगढ़ दिनांक – 01/10/2019

## !! प्रेस विज्ञप्ति !!

प्रति,

संवाददाता,
दैनिक समाचार पत्र – नवभारत, दैनिक भास्कर, पत्रिका, हरिभूमि, नई दुनिया, क्रांतिकारी संकेत, दंबग दुनिया, छत्तीसगढ़ , दैनिक दावा, देशबंधू, सत्यदूत, महाकौशल डोंगरगढ़

–––0000–––

# महाविद्यालय में छात्रसंघ गठन संपन्न

## एम.एस.सी. प्राणीशास्त्र तृतीय सेमेस्टर की आरिफा फिरदौस बनी छात्रसंघ अध्यक्ष

**डोंगरगढ़ :–** स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर एवं छात्रसंघ प्रभारी डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के मागदर्शन में 30 सितम्बर को प्रवीण्य सूची के आधार पर सत्र 2019–20 हेतु छात्रसंघ पदाधिकारियों एवं कक्षा प्रतिनिधियों का मनोनयन कर सूची उच्च शिक्षा विभाग एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय को प्रेषित की गई।

महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने में इस वर्ष भी विज्ञान संकाय एवं छात्राओं का वर्चस्व रहा। अध्यक्ष पद पर कु. आरिफा फिरदौस एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर प्राणीशास्त्र, उपाध्यक्ष कु. क्षमा अग्रवाल एम. एस.सी. भौतिकी प्रथम सेमेस्टर, सचिव कु. अनामिका सिन्हा बीएससी भाग तीन गणित, एवं सहसचिव कु. तामेश्वरी साहू बीएससी भाग दो बायो नियुक्त हुए। इसी प्रकार सभी कक्षाओं से कक्षा प्रतिनिधि भी नियुक्त हुए।

छात्रसंघ पदाधिकारियों एवं कक्षा प्रतिनिधियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर एवं छात्रसंघ प्रभारी डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती सहित महाविद्यालय परिवार ने शुभकानाएं प्रेषित की है।

Principal,
Govt. Nehru P. G. College
DONGARGARH
Distt. Rajnandgaon (C.G.)


डोंगरगढ़,
वार्षिक
आरती


-2016
Number


नेहरु






सकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
मिलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह - 2018
सिमरन कौर
उपाध्यक्ष





दिनांक - 29.02.2020
शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरग
राजनांदगांव (छ.ग.)
संघ एवं पदाधिकारी


2020




WHEN?



शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़
छात्रसंघ


शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़
छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह


शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़
छात्रसंघ ग्रहण समारोह
दिनांक 2019 दिन - शुक्रवार